# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 1942/2022 दिनांकः– 06 अगस्त, 2022

सेवा में,

समस्त नोडल समन्वयक/केन्द्राध्यक्ष,
परीक्षा सत्र 2021–22 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

**विषयः सत्र 2021–22 द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा के सम्बन्ध में**

महोदय/महोदया,

आप अवगत है कि सेमेस्टर परीक्षा दिनांकः 06 अगस्त, 2022 से दो पालियों में प्रारम्भ हो गयी है। नोडल केन्द्र से गोपनीय सामग्री प्रति पाली आपके परीक्षा केन्द्र पर पूर्व की भांति उपलब्ध करायी जायेगी तथा प्रतिपाली के सील्ड सामग्री वापस नोडल पर लायी जायेगी।

2. विश्वविद्यालय से प्राप्त गोपनीय सामग्री के रूप में प्रश्न–पुस्तिका तथा उसी पैकेट में OMR शीट रखी हुई है। पैकेट में रही हुई प्रश्न–पुस्तिका तथा OMR का क्रम एक समान है। अतः प्रश्न–पुस्तिका तथा OMR का वितरण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना है कि एक ही क्रमांक की प्रश्न–पुस्तिका तथा OMR एक ही परीक्षार्थी को दी जाये।

3. गोपनीय सामग्री के साथ ही एक सील्ड ब्राउन पैकेट में Attendance Sheet रखी हुई है। पूर्व की भांति Attendance Sheet को पूरा का OMR वाले पैकैट में प्रति पाली विषय सील किया जाना अनिवार्य है।

4. प्रत्येक पाली की उपस्थिति, अनुपस्थिति एवं UFM का विवरण भी महाविद्यालय लागिन पर उपलब्ध फार्मेट पर पूर्ण करा दें, जिसकी समेकित आख्या शासन को प्रेषित की जानी होती है।

5. आप सभी अनुभवी है तथा वर्षों से परीक्षा का आयोजन अपने परीक्षा केन्द्रों पर करा रहे है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप उपरोक्त सभी निर्देशों का भली भांति अनुपालन करते हुए अपने केन्द्र पर परीक्षा का संचालन पूर्ण शुचिता/अनुशासन के साथ करायेगें। मैं आप सभी को इस कार्य की पूर्ण सफलता की शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

भवदीय

06/8/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. गार्ड फाइल।

कुलसचिव